हेमवती नन्दन बहुगुणा उत्तराखण्ड चिकित्सा शिक्षा विश्वविद्यालय
न्यू सेन्ट्रल होप टाउन, बायॉखाला, शिशमबाडा देहरादून,
पिन– 248197 उत्तराखण्ड, भारत
वेबसाईट: www.hnbumu.ac.in

उत्तराखण्ड राज्य नीट पी0जी0 2023 की प्रथम चरण काउन्सिलिंग के संबंध में आवश्यक सूचना

नीट पी0जी0 2023 उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि कतिपय अभ्यर्थियों द्वारा प्रथम चरण काउन्सिलिंग में ऑन–लाईन आवेदन करते समय धरोहर राशि जमा ना किये जाने व अन्य कारणो से काउन्सिलिंग बोर्ड को अवगत कराया है कि आन–लाईन आवेदन की अन्तिम निर्धारित समयावाधि को बढाया जाये।

उक्त के दृष्टिगत काउन्सिलिंग बोर्ड द्वारा छात्रहित में उत्तराखण्ड राज्य नीट पी0जी0 2023 प्रथम चरण काउन्सिलिंग आन–लाईन आवेदन की पूर्व निर्धारित समयावाधि अन्तिम तिथि को दिनांक 10.08.2023 सांय 05:00 बजे तक विस्तारित किया जाता है।

उपरोक्त के दृष्टिगत दिनांक 10.08.2023 को उत्तराखण्ड राज्य नीट पी0जी0 2023 प्रथम चरण काउन्सिलिंग में प्रतिभाग कर चुके अभ्यर्थियों की औपबंधिक सूची जारी की जानी थी, को दिनांक 11.08.2023 को प्रातः 10:30 बजे विश्वविद्यालय की बैवसाईट पर अपलोड किया जायेगा, एवं अभ्यर्थियों हेतु च्वाईस फिलिंग की कार्यवाही दिनांक 11.08.2023 को अपरान्ह 02:30 बजे से आरम्भ की जायेगी। शेष शर्त/नियम यथावत रहेगें।

भविष्य में भी मानक संस्थाओं यथा भारत सरकार/एन0एम0सी0/एम0सी0सी0/उत्तराखण्ड शासन एवं काउन्सिलिंग बोर्ड द्वारा लिये गये निर्णयों को विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.hnbumu.ac.in के माध्यम से ही अपलोड कर अवगत कराया जायेगा, इस हेतु अभ्यर्थियों को पृथक से कोई सूचना नही दी जायेगी। अतः अभ्यर्थियों को सलाह दी जाती है कि वे समय–समय पर विश्वविद्यालय की वैबसाईट www.hnbumu.ac.in का नियमित रुप से अवलोकन करते रहें।

नोटिस प्रकाशन तिथिः– 10.08.2023

सदस्य सचिव

नीट पी0जी0 2023
उत्तराखण्ड राज्य केन्द्रीयकृत काउन्सिलिंग